14122023-Isp-01_Layout 1 12/13/2023 10:41 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



14 ग्रामीण डाक सेवक बेमियादी हड़ताल पर





12 हार के दस दिन बाद भी राजीव भवन का नहीं ...




## शराब सेवन के मामले में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास अधीक्षक हटाए गए

### कंप्यूटर ऑपरेटर को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

खबर का असर

छात्रवास में शराब पीने एवं विवाद के बाद मामले का समाचार प्रकाशन के बाद छात्रवास अधीक्षक को हटा दिया गया है एवं ऑपरेटर को नोटिस जारी किया गया है। जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी पोस्ट मैट्रिक छात्रवास में शराब सेवन कर प्रवेश करने और छात्रवास में शराब सेवन करने से जुड़ी खबर का हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया। जिसके बाद मामले विभाग के एक कंप्यूटर ऑपरेटर को नोटिस जारी कर एक अधीक्षक को ओबीसी छात्रावास से हटाया गया है। बता दें बीते 50 सीटर एसटी छात्रवास में 50 बच्चें और 50 सीटर ओबीसी में 38 बच्चों का छात्रसवास एक साथ ही कैंपस में संचालित हो रहा है। सोमवार को एसटी छात्रवास के लगभग डेढ़ दर्जन बच्चें ओबीसी छात्रसवास अधीक्षक और आदिम जाति कल्याण विभाग जिला कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत करने कलेक्ट्रट पहुंचे थे। जहां (एसटी) छात्रावास के बच्चों ने ओबीसी छात्रवास अधीक्षक गजानंद साहू और विभागीय जिला कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर नर्सिंग साहू को अपने साथ (एसटी) छात्रावास में लाकर शराब सेवन करने और विरोध करने पर उन्हें डरा धमका गाली–ग्लौज करते हुए छात्रावास से बेदखल करने धमकी देने का आरोप लगाया। वहीं छात्रावास के बच्चों ने कंप्यूटर ऑपरेटर का वीडियो अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।



छात्रावास में शराबखोरी, विरोध करने पर छात्रों से गाली-गलौज व धमकी

जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का मामला

### आयुक्त ने कहा अधीक्षक को हटाया गया

आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त मेनका चंद्राकर का कहना है कि मैं 5 तारीख को छात्रावास निरीक्षण के लिए गई थी, 8 तारीख को जिस दिन वहां बच्चे के साथ कुछ घटनाक्रम हुई है, उस दिन मैंने किसी को निरीक्षण के लिए नही भेजी थी और इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं थी। बच्चों के 11 तारीख को कलेक्ट्रेट पहुंचने पर मुझे जानकारी हुई, मामला सामने आने के बाद ओबीसी छात्रवास अधीक्षक को हटा मामले में कम्प्यूटर ऑपरेटर को नोटिश जारी किया गया है। मामले की जांच के लिए टीम गठित किया गया है, मामला में भोजन संचालन से जुड़ी होने की बात सामने आई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायतों के अटल चौक को दिया जा रहा आकर्षक स्वरूप

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल चौक का समुचित साफ–सफाई एवं रंग–रोगन कर उन्हें बेहतर स्वरूप में सुसज्जित किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल चौक को शीघ्र ही आकर्षक स्वरूप में सुसज्जित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के द्वारा सभी अटल चौक को बेहतर एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने रंग–रोगन के कार्य को तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही में छत्तीसगढ़ सरकार के 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह को यादगार बनाने पौधारोपण किया गया। जिसमें नीम, अशोक, गुलमोहर आदि के पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पुष्पेंद्र अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता केशव राम साहू, योगाचार्य अरुण कुमार साहू एवं अस्पताल के स्टाफ उपस्थित थे।

### 16 को वार्षिक उत्सव

**निकुम।** भाठापारा निकुम में देव कोंचिंग निकुम के द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान व वार्षिक उत्सव 16 दिसंबर को सुबह 9 बजे से किया गया है। जिसमें ग्राम के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों का सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी देव देशमुख ने दिया।

### 16 को निकुम में कबड्डी स्पर्धा

**निकुम।** जय बजरंग दल एवं ग्रामवासी निकुम द्वारा 16 दिसम्बर शाम 6 बजे श्री सिध्दपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरुस्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरुस्कार 5001 रुपये व चतुर्थ पुरुस्कार 3001 रुपये व विनर कप व आकर्षक पुरुस्कार दिया जायेगा। यह जानकारी राजा यादव ने दी।

### स्वदेशी दिवस पर हुई कार्यशाला



**गुण्डरदेही।** स्वदेशी दिवस के अवसर पर रोजगार सृजन केंद्र गुण्डरदेही के द्वारा बाबू गेनू के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई एवं स्वदेशी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य प्रवक्ता जिला संयोजक स्वदेशी जागरण बालोद चंद्रहास साहू, विशेष अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बालोद घनश्याम चंद्राकर, दानेश्वर साहू, कामता प्रसाद साहू, हरादन मण्डल ललिता, कौर सोहन साहू, भास्कर साहू, पूजा वर्मा, परस ठाकुर, उमेश देशमुख के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**अनदेखी :** कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार कर रहे केवल खानापूर्ति

## आईटीआई-पीजी कॉलेज के पास चखना सेंटर पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शासकीय पीजी कॉलेज और शासकीय आईटीआई कॉलेज के पास एक चखना दुकान में पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा दुकानदार पर शराबियों को दुकान में ही बैठाकर शराब पिलाने के मामले में कार्रवाई करने पहुंचे, मगर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई

जिसका नतीजा कार्यवाही के अगले ही दिन चखना दुकान फिर से खुल गया और शराब प्रेमियों का वहां जमावड़ा लग गया। बीते दिनों आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना दुकानों को अवैध बताकर बुलडोजर के माध्यम से दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया ताकि कोई भी दुबारा वहां चखना दुकान संचालित न कर सके। लेकिन मंगलवार की शाम आबकारी विभाग और पुलिस ने अलग-अलग समय में कॉलेज के सामने संचालित अवैध चखना दुकान में कार्यवाही के नाम पर सिर्फ औपचारिकता बरती गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंकज देवांगन अपने होटल के पास लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा दे रहा है कि सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर जाकर देखा मौका पर ग्राहक पुलिस को देख भाग गया। एक व्यक्ति पंकज हॉटल के सामने उपस्थित मिला, जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज देवांगन निवासी पाण्डेय पारा बालोद का होना बताये। जिसे लोगो को शराब पीने तथा पिलाने की सुविधा देते हुए रंगे हाथ पकडा गया।

### लोगों को होती है परेशानी :

शराब दुकान के पास संचालित चखना दुकानों को विभाग द्वारा हटा दिया गया, लेकिन आईटीआई कॉलेज के ठीक सामने संचालित अवैध चखना दुकानों को नहीं हटाया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से होकर पर्यटक तांदुला जलाशय का मनोरम दृश्य देखने जाते हैं। वहीं आईटीआई कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं चखना दुकान को पार करके ही कॉलेज जाते हैं। जानकारी के अनुसार चखना दुकान के आसपास शराब पीकर लोग माहौल बिगाड़ने का काम भी करते हैं जो आए दिन देखा जा सकता है।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

■ दुष्कर्म कर बनाया था वीडियो, सहयोगी भी गिरफ्तार

थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अछोटी की एक युवती से दुष्कर्म करने के बाद उसके अश्लील वीडियो के आधार पर लगातार दैहिक शोषण करने वाले आरोपी और उसके एक सहयोगी को अंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, जबरदस्ती घर में घुसने और धमकी देने के मामले में कार्रवाई की गई है।

अंडा थाना प्रभारी आनंद राम शुक्ला के मार्गदर्शन से उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोटी भाटापारा निवासी आरोपी विष्णु यादव 40 वर्ष ने बीते 6 जुलाई को पीड़िता के घर में घुसकर उससे दुष्कर्म किया था। उस दौरान का आरोपी ने वीडियो बना लिया था और वीडियो के आधार पर प्रार्थीया को ब्लैकमेल कर उसका दैहिक शोषण करता रहा। आरोपी उसे धमकाकर 22 अगस्त को डोंगरगढ़ ले गया था और वहां उससे शादी की थी। डोंगरगढ़ ले जाने में आरोपी विष्णु यादव को उसके दोस्त बलराम देशमुख 24 वर्ष निवासी ग्राम अंजोरा (ढाबा) थाना बोरी ने साथ दिया था। पीड़िता ने इसकी पुलिस से शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कलेक्टर से ग्रामीणों ने की शिकायत स्कूल से भृत्य रहता है गायब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम भरींटोला के शाला समिति के सदस्यों ने भृत्य की अनियमित उपस्थिति को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। शाला समिति के सदस्य चमेली, चेमीन बाई, भुनेश्वरी, जयंती बाई, सरिता, रमेश्वरी, ढालसिंह, जोहन राम, धनेश्वर, कुंजलाल ने आवेदन में कहा है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरींटोला 43 संकुल चिपरा विकासखण्ड डौण्डी में दिनेश कुमार यादव भृत्य के पद पर 15 जुलाई 2014 से पदस्थ है। पदभार के पश्चात से ही संबंधित कर्मचारी की उपस्थिति आज तक अनियमित रहता है। जिससे शाला का कार्य प्रभावित होता है। संबंधित कर्मचारी की अनुपस्थिति की सूचना शाला के माध्यम से समय समय पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया जाता है। परंतु वहां से भी कोई कार्यवाही नही होती। इसलि संबंधित कर्मचारी को हटाकर उनके स्थान पर अन्य भृत्य की व्यवस्था की जाए।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में बालोद ने जीता 39 स्वर्ण पदक ...




**बालोद।** 7वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर स्थित रविशंकर यूनिवर्सिटी परिसर में किया गया था। जिसमें बालोद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर फाइट इवेंट, स्पीड किकिंग, पूमसे में 39 स्वर्ण पदक और 23 रजक पदक जीते एवं बालोद जिले के 56 प्रतिभागी एवं 6 ऑफिशियल, 2 कोच एवं मैनेजर की 63 टीम शामिल हुई तथा सांकरा के कोच चिरंजीव सोनेल, कमलेश वासनिक उपस्थित थे।

## किसानों ने अब तक बेचा 2 लाख 5 हजार 407 मीट्रिक टन धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 195 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 53 हजार 785 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 05 हजार 407 मेंट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 450 करोड़ 62 लाख रूपए है।

उन्होंने बताया कि अब तक 01 लाख 77 हजार 600 मेंट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 13 हजार 265 मेंट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 92 हजार 142 मेंट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 4471 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 19 हजार 76 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### पुरानी रंजिश के चलते हत्या, आजीवन कारावास

**भिलाई।** दोस्त और रिश्तेदार के साथ खड़े युवक को पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के मामले में सत्र न्यायाधीश दुर्ग श्रीमती नीता यादव की न्यायालय में आरोपी ए जानपाल और जी रमेश को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास ,1000 रुपए अर्थदंड,अर्थदंड न दे पाने पर एक माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक बालमुकुंद चंद्राकर ने बताया कि 2 सितंबर 2020 की शाम डी मनीष अपने दोस्त आशीष, अपने बड़े पिता डी रमेश के साथ सेक्टर 6 इस्पात क्लब के पीछे बीएसपी स्कूल के पास खड़े होकर बातचीत कर रहा था। आरोपी सड़क 56 सेक्टर 6 निवासी ए जानपाल उर्फ डीके 25 वर्ष, सड़क 57 सेक्टर 6 जी. रमेश 21 वर्ष साथियों के साथ पहुंचा। पुरानी रंजिश के चलते डी मनीष के साथ विवाद करने लगा। तभी आरोपी जानपाल ने मनीष को पीछे से पकड़ लिया और रमेश ने अपने पास रखे धारदार चाकू से हत्या कर दिया। मनीष की मौत हो गई।

यात्रा को सफल बनाने अधिकारियों की जवाबदेही तय

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ आमजनों को दी जाएगी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी




कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ–साथ प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल–जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन–धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने को प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिले के निर्धारित स्थानों पर प्रचार रथ का आगमन होगा। रथ के आगमन होने पर सर्वप्रथम रथ का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को प्रधानमंत्री का संदेश भी सुनाया जाएगा। इसके अलावा दो मिनट की 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान टी.बी. एवं सिकलसेल आदि बीमारियों का जांच भी किया जाएगा। कार्यक्रम में उज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु फॉर्म भराने के अलावा चयनित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन भी प्रदान किया जाएगा। श्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने अधीनस्थ मैदानी अमले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ कार्य कराने के निर्देश भी दिए। आयोजन के दौरान उन्होंने संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, स्कूलों के प्रधान पाठकों के अलावा सहकारी समितियों अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 16 को

**दुर्ग।** वर्ष-2023 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी सेवाएं दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील न्यायालय भिलाई-3, पाटन व धमधा में आयोजित की जाएगी। 16 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजी नामा योग्य अधिक आपराधिक मामले, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामले, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरणए स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवाएं से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधी लगभग 10077 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिकेशन प्रकरण के कुल 4933 से अधिक मामले सुनवाई हेतु रखे गए हैं।

### 18 दिसंबर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती पर जिले के सभी मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस पूर्णतः बन्द रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है। संबंधित वृत्त आबकारी उपनिरीक्षक इस दिन अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चत करेंगे कि प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें 17 दिसंबर को समयावधि पश्चात बंद हो जाएं एवं 18 दिसंबर को न तो मदिरा का विक्रय हो और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो। आदेश का कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए है।

### 14 दिसम्बर को प्लेसमेंट का आयोजन

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 14 दिसम्बर को कंपनी उद्योग द्वारा अभ्यर्थियों के लिये प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा।

### वृद्ध लापता

**भिलाई।** ब्लाक 5 सड़क 53 सेक्टर 8 निवासी सांति चक्रवर्ती 11 दिसंबर से लापता है। डीपीएस रिसाली शिक्षक शांतनु चंक्रवर्ती ने बताया कि उनके पिता की यादाशत ठीक नहीं है। रोज टहलने निकलते थे।



### गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में होगा पंथी नृत्य की प्रस्तुति

**भिलाई।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और हरियाणा सरकार, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं केडीबी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में शिल्प मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का आयोजन कुरुक्षेत्र हरियाणा में 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ अंचल के अंतर्राष्ट्रीय कलाकार मिलाप रास बंजारे पंथी नृत्य दल ग्राम जरवाय-भिलाई 3 जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक होगा। इनमें शामिल कलाकारो में भी इतवारी राम' मधुकर जोगांस चेलक, शैलेंद्र घृतलहरे, हेमंत बंजारे, जागेश्वर लहरे, राहुल मधुकर, मोहन बंजारे, चनेश बंजारे, कपिल बंजारे, सचिन मधुकर, चंदन मधुकर, गोर्वधन टांडे, सुनील गायकवाड़ व नंदेश बंजारे शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी इतवारी राम मधुकर द्वारा प्राप्त हुआ है।

### मटंग में स्मृति कुंज की संधारण की मांग की

**सेलूद।** ग्राम मटंग जो पाटन विधानसभा का एक छोटा सा गांव पर इस गांव का नाम गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व मंत्री जी के नाम से प्रसिद्ध स्व. उदयराम वर्मा योगदान व जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। वे पाटन में 15 सालों तक विधायक के रूप में सेवाएं दी व सहकारिता के लिए बहुत कार्य किये।

# गांव-गांव में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पहुंचेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सरकारी योजनाओं से लोगों को जोडने और उन्हें जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया गया है। जिसके तहत तय शेड्यूल में जिले के अफसर गांव-गांव में लोगों से मिलकर सरकारी योजनाओं की उन्हें जानकारी देगें। साथ ही हितग्राहियों को मौके पर तत्काल योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को लेकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बैठक ली।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज, कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

### अफसरों को आज देंगे प्रशिक्षण

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य, जिला स्तरीय समिति, जिले द्वारा किए जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत स्तर की तैयारी, वैन आने के पूर्व की तैयारी, प्रचार वैन के गांव में पहुंचने उपरांत कार्यक्रम की रूपरेखा तथा विभागों के दायित्व के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि, कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण, 13 दिसंबर को एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 दिसंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।



### इन योजनाओं की देंगे जानकारी

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं/मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके। दुर्ग जिले में जिला स्तरीय समिति गठन कर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए डे नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत आदि के निर्देश दिए।

## समीक्षा से परहेज : बुरी हार के बाद भी कांग्रेस नेताओं की नहीं खुली नींद

# हार के दस दिन बाद भी राजीव भवन का नहीं खुला ताला, सदमे में कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा चुनाव में करारी हार से कांग्रेसी नेता उभर नही पाए है। झटका इस कदर लगा हैं कि, चुनाव हार की घोषणा के दस दिन बाद भी राजीव भवन का ताला नही खुल पाया है। कोमा से उभर पाने में नाकाम कांग्रेस पार्टी से एक भी जिम्मेदार नेताओं ने हार का जिम्मा नही लिया है। इतनी बडी हार के बाद भी संगठन के नेताओं का नींद से नही जागना वाकई हैरान कर रहा है।

उल्लेखनीय हैं कि, विधानसभा चुनाव में दुर्ग कांग्रेस संगठन पहले ही निष्क्रिय रहा है। चुनाव के दरम्यिान पदाधारी यह भी एहसास नही करा पाया है कि, दुर्ग शहर में संगठन नाम की कोई चीज है। खैर चुनाव के बीच और हार के बाद यह चर्चा जमकर हो रही हैं कि, चुनाव का पूरा संचालन राजीव भवन से होने के बजाय वोरा निवास से होता रहा। भाजपा पार्टी में जहां विधानसभा चुनाव के पहले बूथ से लेकर संगठन को पत्थर की तरह कार्यकर्ताओं ने मेहनत से ठोस बना दिया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने संगठन को चलाने के बजाय इसे जंग लगे रहने दिया, हालात यह रहा हैं कि, संगठन के नेताओं ने पूछपरख कम होने की बात कहकर ऐन समय में अपने आपको ही चुनाव से अलग कर लिया। चुनाव का पूरा संचालन संगठन और राजीव भवन से होने के बाद एक ही निवास से चलता रहा।

## दुर्ग संगठन की चार सीट में सिर्फ पाटन विधानसभा पर ही हुई जीत

### चुनाव के पहले एक भी बैठक नहीं

कांग्रेस भवन तैयार करने में भले ही पार्टी ने लाखों रूपए फूंक दिए, लेकिन इसका उपयोग तय समय में भी कांग्रेसी नही कर पाए।
कार्यकर्ताओं की माने तो चुनाव के पहले संगठन की पूछपरख वैसे ही नही हो रही थी। चुनाव के पहले भी एक भी बैठक नही कराई गई। मजे की बात यह है कि, कई ऐसे खुद्दार कांग्रेसी नेता बस यही इंतजार करते रहे कि उन्हें चुनाव संचालन के लिए कूकू चावल देकर पूछा जाएगा, लेकिन ऐसा नही हुआ और वे दुर्ग शहर की सीट छोड दूसरे विधानसभा में हाथ बंटाने निकल गए।




### हार का बड़ा कारण संगठन की निष्क्रियता

दुर्ग शहर विधानसभा सीट में कांग्रेस की इतनी बुरी तरह से हार हुई है कि, नई पीढ़ी इस इतिहास को सोचकर गहरी खाई में समा जाएगा। हार का सबसे बड़ा कारण संगठन की निष्कृयता रही है। दुर्ग संगठन के अधीन पांच उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित मध्य ब्लाक आते है। इन सभी पदाकारियों की भी खास भूमिका चुनाव में नही दिखी। संगठन की बात छोड चुनाव के दौरान पार्षदों की भी बैठक नही बुलाने की जानकारी सामने आ रही है।

### दावेदारों को भी नहीं साध पाए नेता

ऐसा पहली बार हुआ कि, कांग्रेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी रहे अरूण वोरा के खिलाफ 26 दावेदार एक साथ वोट मंगाने उमड पडे। मजे की बात यह है कि, सभी दावेदार आखिर समय तक वोट के लिए डटे रहे। यही नही कई ने तो दिल्ली तक अपनी ताकत का एहसास कराया है। लेकिन इन दावेदारों को भी जिम्मेदार नेताओं ने साधने का प्रयास नही किया। अगर इन्हें साध लिया जाता तो इतनी बडी खाई नही हो पाती।

### वोरा ने कहा-हार की समीक्षा करने की जरूरत



हार के दस दिन बाद पूर्व विधायक अरूण वोरा ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि, आरोप-प्रत्यारोप की बजाय एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। किसी कारणवश चुनाव नतीजे कांग्रेस के पक्ष में नहीं आ सके। चुनाव में पराजय के कारणों की सकारात्मक समीक्षा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत हैं। वोरा ने कहा कि, चुनाव नतीजों को लेकर पार्टी फोरम में समीक्षा होनी चाहिए। सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी करने से कुछ भी हासिल नहीं होगा। समस्त कांग्रेसजनों को एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। कांग्रेसजनों को पांच साल तक आम जनता के बीच लगातार एकजुट होकर सक्रिय रहना है और अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी करना है। वोरा ने कहा कि कुछ महीनों बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। 2024 में ही नगरीय निकाय चुनाव होंगे और उसके बाद पंचायत चुनाव होंगे, जिसमें एकजूटता से ही जीता जा सकता है।

## एनओसी के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत

**दुर्ग।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर एनओसी जांच के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत आप पार्टी ने की है। उन्होने सीएमएचओ को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की हैं। अध्यक्ष डॉक्टर एस के अग्रवाल ने बताया कि, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी विभाग से एनओसी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और वसूली करने वालों की नीचे से ऊपर तक चैन बनी हुई है, मुख्य रूप से फायर एनओसी तथा बायोमेडिकल वेस्ट के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। आरटीआई प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने बताया कि, क्लीनिक तथा नर्सिंग होम संचालकों को फायर एनओसी तथा पर्यावरण विभाग से एनओसी लेने में बहुत तकलीफ होती है। पर्यावरण विभाग इरादतन संचालकों को अन्य एनओसी देने में आवेदनों को लंबित रखना है। नर्सिंग होम संचालकों ने बताया कि उनके द्वारा एनओसी के लिए दिए गए आवेदन को दिखाने के बाद भी जांच में अधिकारियों के द्वारा मानने से इनकार कर दिया जाता है। नर्सिंग होम को सील करने का कानूनी अधिकार नहीं है, वह भी संचालकों को नर्सिंग होम सेल करने की धमकी देते हैं। इस दौरान सदस्य डॉक्टर एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंह, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, मुकेश नायक उपस्थित थे।

## बगैर लाइसेंस संस्थान संचालित, बंद करने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** जिला नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार शुक्ला एवं टीम के द्वारा 11 दिसंबर 2023 को श्री पैथोलॉजी लैब कोहका रोड, दुर्ग, सूरज नर्सिंग होम कोहका, सत्यदीप डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पावर हाउस, एंडोक्राइन लैबोरेट्री और एलर्जी टेस्टिंग पावर हाउस भिलाई, डॉ अनूप गुप्ता क्लिनिक सुपेला, सेवा डायग्नोस्टिक सुपेला, लैब पावर हाउस भिलाई एवं डायग्नोस्टिक पावर हाउस भिलाई का निरीक्षण किया गया, जिसमें श्री पैथोलॉजी लैब, एंडोक्राइन लैबोरेट्री और एनर्जी टेस्टिंग एवं Agilus डायग्नोस्टिक नर्सिंग होम एक्ट के द्वारा प्रदत्त लाइसेंस के बिना संचालित पाया गया, जिसे तत्काल लाइसेंस प्राप्ति कर बंद करने का निर्देश दिया गया।



## सब जूनियर जूडो टीम कोच्चि रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में केरल जूडो संघ द्वारा राजीव गांधी इनडोर स्टेडियम कोची में 15 से 18 दिसंबर तक राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की सब जूनियर जूडो टीम भी हिस्सा लेगी। प्रदेश की टीम बुधवार को ट्रेन से कोच्चि पहुचेगी। इसमें बालक वर्ग में दिलीप कुमार मंडावी कोंडागांव, ईशान बोई बिलासपुर,देव जीत सिंह जामुल,पीयूष कुमार साहू भिलाई, अभय यादव दुर्ग, अरविंद मानिकपुरी बिलासपुर, ओम साहू बिलासपुर, अभिषेक अभिषेक नियोगी भिलाई, मानिक दत्त रायपुर और बालिका वर्ग से खुशी चोटिल बिलासपुर, योगिता मांडवी कोंडागांव, हेमवती कोंडागांव, ट्विंकल दुर्ग, रिया सिंह दुर्ग, चंद्रप्रभा ठाकुर कोंडागांव,राजेश्वरी मरकाम कोंडागांव,साक्षी गोस्वामी बिलासपुर, केसर लोधी जामुल को टीम में शामिल किया गया है।

■ 15 से 18 दिसंबर तक आयोजित है जूडो स्पर्धा

खिलाड़ियों का चयन 23वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता भिलाई में किया गया था। टीम के कोच भगवती सूर्यवंशी ब्लैक बेल्ट निदान भारतीय जूडो महासंघ है। टीम के प्रबंधक राजकुमार जायसवाल ब्लैक बेल्ट जूडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया,उदय सिंह यादव होंगे।

## मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण आज लाइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 से विजयी राजनीतिक दल ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए वर्तमान विधायक और पूर्व सांसद व केन्द्रीय इस्पात मंत्री बिष्णुदेव साय का चयन किया है। जिनका मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह 13 दिसंबर को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 3 बजे निर्धारित किया गया है। लोकतंत्र के इस स्वर्णिम पलों को आम नागरिकों, मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा विवेकानंद सभागर में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के शपथग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्था किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण विवेकानंद सभागार में उपस्थित होवे।

# भाजपा पार्षदों ने महापौर से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा चुनाव के तहत शहर के वार्डो में बुरी तरीके से कांग्रेस की हार हुई है। इस हार को बुनाते हुए मुखर होकर भाजपा पार्षद दल ने नगरनिगम में धावा बोल दिया। उन्होने महापौर धीरज बाकलीवाल से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है।

■ निगम में मेयर का घेराव करने पहुंचे भाजपाइयों ने बोला

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के जबर्दस्त हार के बाद नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने शहर की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आज बीजेपी कार्यालय में हुई भाजपा पार्षद दल की बैठक के तुरंत बाद सभी पार्षद एकजुट होकर हाथो में तख्ती लेकर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां महापौर धीरज बाकलीवाल पर जोरदार हमला बोलते हुए उनसे नैतिकता के आधार इस्तीफे की मांग करते हुए उनके चेंबर के सामने इस्तीफा की तख्ती लटकाकर विरोध दर्ज कराया। इससे पूर्व भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन सहित सभी पार्षदगणों कि उपस्थिती में संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता देवनारायण चंद्रकार,शेखर चंद्राकर काशीराम कोसरे नरेंद्र बंजारे,शिवेंद्र परिहार गायत्री साहू नरेश तेजवानी अरुण सिंह ओमप्रकाश सेन मनीष साहू अजीत वैद्य लीना दिनेश देवांगन कमल देवांगन खिलावन मटियारा चमेली साहू मीना सिंह,कविता तांडी शशि द्वारका साहू हेमा शर्मा कुमारी साहू पुष्पा गुलाब बर्मा जिला मंत्री दीपक चोपड़ा,योगेंद्र साहू,जग्गी शर्मा,राकेश भारती दीपक सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### अपने वार्ड में हार गए मेयर

भाजपा पार्षदों ने कहा कि, विगत चार साल साल से महापौर धीरज बाकलीवाल के कांग्रेस शासनकाल में कुशासन व भ्रष्ट नीति के चलते विधान सभा चुनाव में शहर के साठ में से 58 वार्डो के साथ स्वयं के वार्ड में भी बुरी तरह पराजय होना जनता के आक्रोश का नतीजा है। यह जनादेश केवल कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के खिलाफ ही नही बल्कि मेयर बाकलीवाल व उनके पूरे परिषद के खिलाफ भी हैं। इसलिए उन्हें नैतिकता के नाते अपनी कुर्सी छोड़ देना चाहिए।

### विधायक निवास से नही चलेगा निगम

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित भाजपा पार्षदों ने कहा कि, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा की जबर्दस्त पराजय का कारण निगम के शहरी सरकार में अब तक पूर्व विधायक वोरा के रिमोट से निगम नही चलेगी। इस चुनाव में प्रत्येक वार्डो के मतदाताओं ने केवल अरुण वोरा नही बल्कि महापौर बाकलीवाल व उनके कांग्रेसी परिषद के खिलाफ एकतरफा गुस्सा दिखाकर ईवीएम पर कमल का बटन दबाकर स्पष्ट जनादेश दिया है।

# बीएसपी में दुर्घटना में घायल श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट 3 के जीआर एंटरप्राइजेज के अंतर्गत कार्य कर रहे दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल ठेका श्रमिक राम प्रसाद लहरे की मंगलवार को मृत्यु हो गई। उसका सेक्टर 9 में इलाज चल रहा था। मृतक के परिवार एक सदस्य को बीएसपी में स्थाई नौकरी मिलेगी।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के पदाधिकारियों ने मृत ठेका मजदूर के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने के लिए बीएसपी के उच्च प्रबंधन एवं ठेका कंपनी से चर्चा कर उनके परिवार के आश्रित एक सदस्य को बीएसपी में स्थाई नौकरी के लिए मांग की। बीएसपी प्रबंधन के उपेंद्र शर्मा जुनियर ऑफिसर के द्वारा पत्र एवं जीआर इंटरप्राइजेज, कंपनी द्वारा दो लाख पचहत्तर हजार रुपए सहयोग राशि मृतक श्रमिक की पत्नी किरण बाई देशलहरे को दिया गया। साथ ही ईएसआईसी से निर्धारित बीमा राशि एवं परिवार को पेंशन के लिए उचित कार्रवाई भी ठेका कंपनी द्वारा करवाया गया। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में पदाधिकारी ने सिंटरिंग प्लांट 3 के, घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों से चर्चा की व सुरक्षा के लिए सुझाव दिए। मुआवजा राशि के सहयोग के लिए इंटक की यूनियन की ओर से, संजय साहू सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश, जयंत बराठे, प्रदीप विश्वास गुरुदेव साहू जसबीर सिंह सुरेश दास टंडन उपस्थित थे।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वप्निल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, राज लक्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### युवक ने खुद पर लगाई आग, गंभीर

**भिलाई।** युवक ने अपने शरीर पर आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। युवक बीमारी से परेशान था। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि वेंकटेश्वर टॉकीज के पास सुपेला निवासी मंगेश विश्वकर्मा 30 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर संजय नगर मैदान में अपने ऊपर आग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। मंगेश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### कलामंदिर में सुरों की सजी महफिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता" का उद्घाटन मंगलवार को को उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में, महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा प्रभंजय चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन कर्नाटक शास्त्रीय गायन एवं सुगम गायन की प्रतियोगिता हुई। जयमोहन, स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में एकल नृत्य कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी एवं कुचीपुड़ी नृत्य में प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। निर्णायकरानी रीना, इप्शिता दास व अन्नपूर्णा स्वामीनाथन थीं।

### सामूहिक आदर्श विवाह तहसील साहू समाज पाटन को घोषित राशि मिली

**पाटन।** तहसील साहू संघ के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 22 अप्रैल को ग्राम गातापार (बेल्लारी) में सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन में 15 जोड़े साहू समाज की विवाह सम्पन्न हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रति जोड़ी को 50 हजार रूपये की सामग्री सहित 21 हजार रूपये देने की घोषणा किया था।

# पश्चिमी विक्षोभ से हवा की दिशा बदली, नमी से बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है। जिसकी वजह से हवा में नमी की मात्रा थोड़ी बढ़ गई है। इसलिए अब दिन में भी ठंड लगने लगी है। शाम होते ही तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ जाती है और ठंड ज्यादा लगने लगी है। लोगों को रात में ठंड से बचने के लिए मोटे गरम कपड़े का सहारा लेना पड़ रहा है।

## दिन में भी अब होने लगा ठंड का एहसास

### ट्विनसिटी का तापमान एक डिग्री सेल्सियस घटा

मौसम विभाग ने मंगलवार को ट्विनसिटी का अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।



### तीन दिन बाद और बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के मुताबिक 13 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसलिए दुर्ग सहितप्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं तीन दिन बाद मौसम में लगातार बदलाव आने की संभावना है। जिसकी वजह से हर दिन एक से दो डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आएगी। जिसकी वजह से ठंड लगातार बढ़ेगी।

### सेहत का रखें ध्यान

बदलते मौसम के साथ लोगों को अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखने की जरूरत है। मौसम बदलते ही खांसी, सर्दी के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल, सुपेला अस्पताल सहित प्राइवेट क्लीनिकों में इसी मर्ज को लेकर ज्यादातर मरीज आ रहे हैं। बच्चों को भी यही समस्या से जूझना पड़ रहा है।विंटर सीजन की शुरूआत है। आगे ठंड और बढ़ने से बचने के लिए एहतियातन उपाय करने चाहिए।

### बीएसपी सहित सेलकर्मियों का 2 साल से अपूर्ण है वेतन समझौता

# इस्पात उपक्रमों के लिए संकटमोचक बन सकते हैं नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लंबित समस्याओं से जूझ रहे भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों को नई उम्मीद बंधी है। इसकी वजह श्री साय का पूर्व में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री के रुप में कर्मियों के साथ बीएसपी सहित सेल की समस्याओं से वाकिफ होना है। यूनियनों और बीएसपी व सेल के अधिकारी संगठनों के भी उनसे अच्छे संबंध रहे हैं।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीन वर्ष तक इस्पात राज्य मंत्री रहे हैं। इस दौरान बीएसपी के कर्मचारी, अधिकारियों के संगठन लंबित समस्याओं को लेकर उनसे मिलते रहे हैं। निदान के लिए सकारात्कम आश्वासन भी मिलता रहा। इसके बाद अब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बन गए। लिहाजा यूनियनें और सभी संगठन प्रदेश के नए मुखिया को बीएसपी सहित सेल के तारणहार के रुप में देख रहे हैं और यहां उत्साह का माहौल है। यूनियनों के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर्मचारी अधिकारियों के लंबित मुद्दों के समाधान को लेकर संकटमोचक साबित हो सकते हैं। विदित हो कि सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता 2 साल से अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स लंबित है और एचआरए व नाइट एलाउंस का भी नुकसान हो रहा है।

## 39 महीने का एरियर्स लंबित

**खास बातें**

- बीएसपी सहित एफएसएनएल, नगरनार संयंत्र व आरआईएनएल पर कस रहा निजीकरण का शिकंजा
- इस्पात मंत्री रहे साय वाकिफ है सभी ज्वलंत मुद्दों से
- यूनियनों को डबल इंजिन की सरकार होने से राहत दिलाने की उम्मीद



### एफएसएनएल व आरआईएनएल को राहत की आशा

बीएसपी में आउटसोर्सिंग बढ़ने और निजीकरण के कसते शिकंजे के साथ आरआईएनएल का भविष्य भी अंधकारमय है। जबकि फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड एफएसएनएल भी निजीकरण के कगार पर है। बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट सेकंड फेस भी 5 साल से लंबित है। यूनियनें व सेफी निजीकरण का विरोध कर रही हैं और विरोध प्रदर्शन भी कर चुकी हैं। अधिकारी संगठन रणनीतिक विलय की मांग इस्पात राज्य मंत्री व पीएम तक से कर चुके हैं। इस दौरान अब सभी को इस्पात राज्य मंत्री रहे विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने से सेल व एफएसएनएल से जुड़े लोगों को राहत की उम्मीद है। यूनियनों के मुताबिक नए मुख्यमंत्री श्री साय सेल व कर्मियों के मुद्दे पर सदैव सकारात्मक रहे। अब केंद्र व छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक ही पार्टी यानी डबल इंजिन की सरकार होने से कर्मियों के मुद्दे और इस्पात उपक्रमों के निजीकरण की समस्या के निदान की आशा है। यूनियनों के अनुसार इस्पात राज्य मंत्री रहे श्री साय के सीएम बनने व केंद्र व राज्य दोनों में एक ही पार्टी की सरकार होने से अब बीएसपी सहित इस्पात उद्योगों के कर्मियों की लंबित समस्याएं जल्द सुलझने की आशा है।

# युवाओं ने की बुधवारी बाजार की सफाई





**बालोद।** विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर के जन प्रतिनिधियों, नागरिकों एवं आम जनता के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के बुधवारी बाजार की साफ–सफाई की गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद बालोद के पार्षद कमलेश सोनी सहित सुरेश निर्मलकर, अमित चोपड़ा, गिरजेश गुप्ता, सुनील यादव सहित नगर पालिका बालोद के स्वच्छता कर्मियों सहित आम नागरिकों ने बुधवारी बाजार बालोद की साफ–सफाई की।

## निधन

### झुम्मर लाल लोढा



**डौंडीलोहारा।** नगर के रमेश मेडिकल स्टोर्स के संचालक झुम्मर लाल लोढा सुपुत्र स्व. रानीदान जी लोढा 67 वर्ष का बुधवार को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया है। देर शाम तक उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक व परिजन शामिल हुए। वे फतेलाल, बालचंद, भागचंद, दिलीप कुमार व रमेश कुमार के भाई व हेमंत कुमार, सुशांत, प्रवीण कुमार के पिता थे।



14122023-lsp-05_Layout 1 12/13/2023 10:27 PM Page 1

**तापमान**

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 अनुबंध बिना सोसाइटियों में जारी धान खरीदी, समितियों ...



13 इस्पात उपक्रमों के लिए संकटमोचक बन सकते...



## खबर संक्षेप



### अवैध चखना दुकानों पर चला बुलडोजर

देवकर। नगर पंचायत देवकर में संचालित शराब दुकान के पास अवैध रूप से चखना दुकान का संचालन हो रहा था। इसे लेकर बुधवार को नगर पंचायत के सीएमओ व चौकी प्रभारी के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित इन दुकानों पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज किया गया। प्रशासन की इस कारवाई को देख कई दुकानदरों ने स्वयं ही अपना दुकान हटाना शुरू कर दिया। अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत देवकर के सीएमओ राधा शरण तिवारी, देवकर चौकी प्रभारी यशवंत कुमार जांघेल, नगर पंचायत इंजीनियर विश्वनाथ ठाकुर, सहायक निरीक्षक आबिद मोहम्मद, नगर पंचायत के कर्मचारी, अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहे और पूरी तरह से अतिक्रमण को साफ कर दिया गया।

### कलेक्ट्रोरेट में हुआ एक्सपोर्ट हब सेमिनार



बेमेतरा। जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर पी.एस.एल्मा की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट आउटरीच प्रोग्राम अंडर डिस्ट्रीक्ट एज एक्सपोर्ट हब सेमीनार का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में उद्योगपतियों के अलावा उद्यानिकी एवं कृषि क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा देने हेतु उक्त सेमीनार में कृषकों की भागीदारी हेतु सुझाव दिया। इस अवसर पर आये हुये डारेक्टर जनरल फारेन ट्रेड, नागपुर की टीम द्वारा निर्यात पंजीयन के विभिन्न चरणों, एक्सपोर्ट इनपोर्ट कोड, इंडियन कन्टेनर डिपो आदि के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। वरिष्ट अधीक्षक, पोस्ट आफिस अंचल कार्यालय, दुर्ग द्वारा पोस्ट आफिस डाक निर्यातक केन्द्र द्वारा निर्यात सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा निर्यात संबंधित बैंकों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सेमीनार में जिले के उद्योगपति, स्वसहायता समूह के सदस्य, चार्टर एकाउन्टेड व अन्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 17 वाहन चालकों से वसूला 6 हजार का जुर्माना

बेमेतरा। जिले में पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लागतार चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने 17 प्रकरण में कुल 6,000 का जुर्माना वसूल किया है। वहीं माईनर एक्ट के 9 मामलों में कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर थाना परपोडी में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 15 चालान में 15 व्यक्ति, थाना साजा 28 चालान में 28 व्यक्ति, थाना नवागढ 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना परपोडी 08 चालान में 08 व्यक्ति, थाना बेमेतरा 01 चालान में 01 व्यक्ति, कुल 53 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 36 प्रकरण में न्यायालय पेश किया गया तथा 17 प्रकरण में कुल 6,000 रूपये समन शुल्क लिया गया।

# कलेक्टर की दो टूक : लंबित राजस्व प्रकरणों का करें तत्काल निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने लंबित राजस्व प्रकरणों एवं स्वामित्व योजना की प्रगति कार्य की समीक्षा की। विधानसभा चुनाव के चलते राजस्व अधिकारियों के निर्वाचन कार्य में व्यस्त होने के कारण अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं विवादित नामांतरण, बंटबारा, तथा सीमांकन, डायवर्सन व वृक्ष कटाई के प्रकरणों का निराकरण नही हो पाया था। अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय द्वारा बताया गया कि जिले में अविवादित नामांतरण के कुल 1257 प्रकरण तथा अविवादित बंटवारा के कुल 129 प्रकरण लंबित है। जो समय-सीमा के भीतर है। अविवादित नामांतरण के 32 तथा अविवादित बंटवारा के 14 प्रकरण समय सीमा के बाहर के है। इसी प्रकार विवादित नामांतरण के 197 प्रकरण तथा विवादित बंटवारा के 124 प्रकरण समय सीमा के भीतर है एवं विवादित नामांतरण के 20 प्रकरण और विवादित बंटवारा के 29 प्रकरण समय सीमा के बाहर के है । इसी प्रकार डायवर्सन के 55 प्रकरण समय सीमा के भीतर तथा 25 प्रकरण समय सीमा के बाहर के है। कलेक्टर द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा के बाहर के सभी प्रकरणों को अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिए है।

- नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे कार्य में आएगी तेजी

### राजस्व अमले के चुनाव कार्य में व्यस्त होने के कारण रूका था काम



#### सर्वे ऑफ इण्डिया से 676 ग्रामों का मेप-1 प्राप्त

जिले में स्वामित्व योजना के तहत जिले के सभी 688 ग्रामों का आबादी सर्वे ड्रोन फ्लाई के माध्यम से किया जा चुका है। सर्वे ऑफ इण्डिया से 676 ग्रामों का मेप-1 नक्शा प्राप्त हो चुका है, जिसमें से 300 ग्रामों का मेप-1 नक्शा का सत्यापन किया जाकर प्रेषित किया गया है। 158 ग्रामों के मेप-2 नक्शा प्रारंभिक प्रकाशन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसमें से 85 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है। शेष ग्रामों के प्रकाशन की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर द्वारा स्वामित्व योजना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में सी.एल. मारकण्डेय अपर कलेक्टर बेमेतरा, भूपेन्द्र जोशी अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़, युगलकिशोर उर्वशा अनु अधिबेरला, सुभाष शुक्ला तहसीलदार साजा, परमानंद बंजारे तहसीलदार बेमेतरा, आशुतोष गुप्ता अधीक्षक भू-अभिलेख बेमेतरा, वीरेन्द्र कुमार साहू सहा. अधी भू-अभिलेख एवं राधाकिशन सहा अधीक्षक भू-अभिलेख बेमेतरा उपस्थित रहे।

**समस्या :** योजना का 5.45 करोडऔर रसोइयों का डेढ़ करोड़ अटका

# मध्यान्ह भोजन योजना फंड की कमी के कारण जिले में तोड़ रही दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और बच्चों को पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के लिए, सरकार द्वारा शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना फंड की कमी के कारण जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। जिले के करीबन 1166 स्कूलों में रोजाना लगभग एक लाख बच्चों को मध्यान्ह भोजन बनाकर खिलाने वाली महिला समूह को ही पिछले 3 महीने से भुगतान नहीं किया गया है। जिले में इन महिला समूह का करोड़ रुपए बकाया हो गया है। हालत यह की महिला समूह द्वारा जुगाड़ और कर्ज लेकर बच्चों तक भोजन पहुंचा रही है । लेकिन अब इनकी भी नाराजगी दिखने लगी है, यही कारण है कि अब यह महिला समूह लामबंद होने की तैयारी में है।

- महिला समूह उधारी लेकर चला रही काम



#### समूह पर बढ़ा आर्थिक बोझ

उल्लेखनीय है कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकारी स्कूलों में ही भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना का हाल पूरा हो गया है। बच्चों को भोजन पका कर देने वाली महिला समूह को पिछले 3 महीने से भुगतान नहीं मिला है। जिले में ही करीबन 5.45 करोड रुपए मध्यान्ह भोजन का और लगभग डेढ करोड़ रुपये रसोइयों को देना शेष है। जिसके चलते इन महिला समूह पर आर्थिक बोझ बढ़ता ही जा रहा है या महिला कर्ज लेकर भोजन उपलब्ध कराने में जुटी हुई है।

#### मेनू फॉलो करना हो गया मुश्किल

मध्यान्ह भोजन योजना अनुसार हर स्कूल के लिए बकायदा 7 दिनों का मेनू तय होता है । जिसके अनुसार ही रोजाना स्कूलों में बच्चों को आहार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी महिला समूह को दी जाती है । लेकिन 3 महीने से भुगतान नहीं होने की स्थिति में अब अधिकांश स्कूलों में मेनू फॉलो करना चुनौती हो गया है। यही कारण है कि अब महिला समूह अपनी क्षमता के हिसाब से ही भोजन पकाकर बच्चों को खिला रही है। इसमें कई दफा रोजाना एक जैसा भोजन दिया जा रहा है।

#### वेतन भुगतान अटका

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली महिलाएं बीते कई समय से अपना वेतन बढ़ाने की मांग कर रही है। वेतन बढ़ाना छोड़ इन रसोइयों को बीते तीन-चार महीनो से भुगतान ही नहीं किया गया है। जिले में 763 प्राइमरी स्कूल एवं 403 मिडिल स्कूल है। जिनमें 1164 समूह संचालन करता है, जिनमें 2 हजार 500 रसोइयों द्वारा भोजन पकाने का काम किया जाता है। इनको हर महीने 2000 का भुगतान होना है। इस हिसाब से जिले में हर महीने 50 लाख का भुगतान इनको होना है। बीते 3 महीने का अटका वेतन जोड़ा जाए तो तकरीबन एक करोड़ 50 लाख रुपए का भुगतान शेष है । प्राइमरी स्कूल में बच्चों को 5.68 पैसे की दर से प्रतिदिन भुगतान किया जाना होता है। इसी प्रकार जिले में 4 03 मिडिल स्कूल है जिनमें बच्चे पढते हैं जिनको मध्यान भोजन दिया जाता है । दोनो स्कूलों में मध्यान भोजन लगभग 5 करोड़ों रुपए से अधिक का भुगतान नहीं हो पाया है । जिससे इस योजना को संचालित करने में समूह और रसोइयों की स्थिति चरमरा गई है।

# घर से अनाज चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

बेरला पुलिस टीम ने अनाज चोरी कर मामले में कार्यवाही करते हुए चोरी गये धान, गेंहू, चना, नगदी रकम सहित चोरों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को रामकरण निषाद 62 साल निवासी बेरला चंडी मंदिर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि सोमवार को वैभव सोनी एवं प्रवीण द्विवेदी ने उसके जेब में रखे नगदी 4000 रूपये तथा कमरे में रखे 02 बोरी धान करीब 50 किलो कीमती 1500 रूपये, 01 बोरी गेहूं करीब 20 किलो कीमती करीबन 400 रूपये, 01 बोरी में चना 15 किलो कीमती करीबन 900 रूपये कुल 2800 रूपये को चोरी कर ले गये हैं। वैभव सोनी एवं प्रवीण द्विवेदी को दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास करने पर इसके घर के बाहर 02 बोरी धान, 01 बोरी गेहूं, 01 बोरी चना एवं अपने लाल रंग का मोटर सायकल को छोड़कर भाग गये। पुलिस ने आरोपी वैभव सोनी एवं प्रवीण द्विवेदी को गिरफ्तार कर चोरी के अनाज एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया है।

# खैरझिटी कला स्कूल में हुआ स्टेट लेवल अचीवमेंट सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी कला में सीस का स्टेट लेवल अचीवमेंट सर्वे किया गया। परीक्षा में तीसरी के बच्चे शामिल हुए।

जिसमें 30 बच्चे उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक के रूप में डाइट बेमेतरा से डीएड प्रशिक्षक मनीषा पटेल एवं उपस्थित सभी शिक्षकों की मौजूदगी में परीक्षा सम्पन्न हुआ। निरीक्षण करने के लिए बी.आर.पी., बी.डी.बघेल, प्रधान पाठक हरि केडिया, सीएससी कुरैशी एवं आला अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। परीक्षा सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा परिसर में संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार, संकुल प्रभारी प्राचार्य आर.एस.वर्मा प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव, एस.बी.साहू, मनहरण नेताम, भूषण साहू, देवचरण साहू, दुर्गेश श्रीवास, अगमदास मार्कडेय, कुलेश्वर पटेल, डाकवर पटेल, मनीषा पटेल आदि शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

# बेरला में स्वच्छ भारत मिशन का हो रहा सख्ती से पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत मिशन क्लीन सिटी योजना संचालित है। इस योजना का प्रचार-प्रसार निकाय में बड़े ही जोरशोर से किया जाता है।

इसी क्रम में नगर पंचायत बेरला में इस अभियान का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गए निर्देशों का नगर पंचायत द्वारा सख्ती से लागू किया जा रहा है। नगर पंचायत बेरला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे के निर्देश एवं नोडल अधिकारी मयंक राठौर के मार्गदर्शन में सप्ताह के सातों दिन विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसका नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। स्वच्छता में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने श्रमदान भी कराया जा रहा है जिसमें तालाबों की सफाई, मुक्तिधाम, गार्डन, सार्वजनिक शौचालय आदि की सफाई श्रमदान के माध्यम से कराई जा रही है। विशेष स्वच्छता अभियान के एक दिन पूर्व सम्बंधित वार्ड के जनप्रतिनिधियों, महिला स्व सहायता समूहो, ब्रांड एंबेसडर, प्रभावी व्यक्तियों तथा नागरिकों को अभियान में जुड़ने आमंत्रित की जाती है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु निकाय द्वारा शहर स्तर पर प्रत्येक वार्ड हेतु वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया है। 1 जुलाई 2022 से सम्पूर्ण देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है। जिस पर नियमित ▸▸ शेष पेज 13 पर

### जिलेवासियों ने देखा शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण ...



बेमेतरा। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली | इसके साथ ही विजय शर्मा और अरुण साव ने भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बेमेतरा जिले में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण का आयोजन ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान के गांधी भवन में किया गया था। इस अवसर पर भारी संख्या में नागरिकों ने लाइव शपथ ग्रहण समारोह देखा। जिले मे पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक जनता के शपथ ग्रहण समारोह को देखने-सुनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा इंतजाम किया गया था।

**विधानसभा चुनाव में मिली हार की हुई समीक्षा**

# नवागढ़ मेरा घर, जनता मेरा परिवार : गुरु रुद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को नवागढ़ में मिली हार के बाद सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच समीक्षा बैठक ली गयी। इस बैठक में नवागढ़ विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर मंथन किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे गुरु रुद्रकुमार उपस्थित रहे। साथ ही विधानसभा के सभी ब्लॉक, सेक्टर व बुथ के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए।



गुरु रुद्रकुमार ने सबसे पहले नवागढ़ क्षेत्र की जनता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सबने अपना समर्थन दिया, जिसके चलते विधानसभा चुनाव में 86 हजार से भी अधिक मत हमें प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे को दोष देने से कुछ नहीं होगा, हमें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर हमें वोट कम मिला, इस पर काम करना चाहिए। हमें पुनः 5 साल पूरी ईमानदारी से मेहनत कर पूरी तैयारी के साथ फिर से विधानसभा चुनाव में जाना है। आगे कहा कि फ़िलहाल परिणाम जो आया हो, नवागढ़ विधानसभा अब मेरा घर है और यहां के सभी कार्यकर्ता व जनता मेरा परिवार है। मैं अब अपना घर छोड़कर नहीं जाऊंगा।

यहीं रहकर आमजनता और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सदैव साथ रहूंगा और हर कदम में साथ निभाऊंगा। इस दौरान सुरेन्द्र तिवारी, जनपद अध्यक्ष अंजली दद्दू मार्कण्डेय, नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष तिलक घोष, बिसौहा राम साहू, शक्तिधर दीवान, विजय बघेल, जावेद खान, ईश्वर लोधी, शुशील साहू, रामबिहारी राजपूत, रामेश्वर साहू, आशाराम ध्रुव, रतन दिवाकर, नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर, झम्मन बघेल, मोंटू तिवारी, विजय यादव सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जेवरा में विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता कल

बेमेतरा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन शा.उ.मा.वि जेवरा में कल 15 दिसम्बर को किया जावेगा। महिला खेलकूद प्रतियोगिता में वर्ग आयु 09 से 18 तथा 18 से 35 वर्ष के महिला खिलाड़ी भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मी. 400मी. तथा गोला फेंक, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती, व्हॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, रस्साकशी कुल 10 खेल शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित पात्रता प्रपत्र अनिवार्य है। अतः समस्त प्रतिभागी प्रतियोगिता स्थल में जन्म प्रमाण पत्र ▸▸ शेष पेज 13 पर

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

ISPAT_BHOOMI_13_2023-02_Layout 1 12/13/2023 10:34 PM Page 1



# गांव-गांव में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने पहुंचेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सरकारी योजनाओं से लोगों को जोडने और उन्हें जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया गया है। जिसके तहत तय शेड्यूल में जिले के अफसर गांव-गांव में लोगों से मिलकर सरकारी योजनाओं की उन्हें जानकारी देंगें। साथ ही हितग्राहियों को मौके पर तत्काल योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को लेकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बैठक ली।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज, कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

### अफसरों को आज देंगे प्रशिक्षण



बैठक में जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य, जिला स्तरीय समिति, जिले द्वारा किए जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत स्तर की तैयारी, वैन आने के पूर्व की तैयारी, प्रचार वैन के गॉव में पहुंचने उपरांत कार्यक्रम की रूपरेखा तथा विभागों के दायित्व के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि, कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण, 13 दिसंबर को एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 दिसंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### इन योजनाओं की देंगे जानकारी

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं/मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके। दुर्ग जिले में जिला स्तरीय समिति गठन कर कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए डे नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत आदि के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 16 को

**दुर्ग।** वर्ष-2023 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी सेवाएं दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील न्यायालय भिलाई-3, पाटन व धमधा में आयोजित की जाएगी। 16 दिसम्बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजी नामा योग्य अधिक आपराधिक मामले, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामले, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरणए स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवाएं से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधी लगभग 10077 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिकेशन प्रकरण के कुल 4933 से अधिक मामले सुनवाई हेतु रखे गए हैं।

### 18 दिसंबर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती पर जिले के सभी मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस पूर्णतः बन्द रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है। संबंधित वृत्त आबकारी उपनिरीक्षक इस दिन अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चत करेंगे कि प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें 17 दिसंबर को समयावधि पश्चात बंद हो जाएं एवं 18 दिसंबर को न तो मदिरा का विक्रय हो और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो। आदेश का कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए है।

### 14 दिसम्बर को प्लेसमेंट का आयोजन

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 14 दिसम्बर को कंपनी उद्योग द्वारा अभ्यर्थियों के लिये प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा।

### वृद्ध लापता

**भिलाई।** ब्लाक 5 सड़क 53



सेक्टर 8 निवासी सांति चक्रवर्ती 11 दिसंबर से लापता है। डीपीएस रिसाली शिक्षक शांतनु चंक्रवर्ती ने बताया कि उनके पिता की यादाशत ठीक नहीं है। रोज टहलने निकलते थे।

### गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र में होगा पंथी नृत्य की प्रस्तुति

**भिलाई।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और हरियाणा सरकार, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं केडीबी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में शिल्प मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का आयोजन कुरुक्षेत्र हरियाणा में 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ अंचल के अंतर्राष्ट्रीय कलाकार मिलाप रास बंजारे पंथी नृत्य दल ग्राम जरवाय-भिलाई 3 जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक होगा। इनमें शामिल कलाकारो में भी इतवारी राम' मधुकर जोगांस चेलक, शैलेंद्र घृतलहरे, हेमंत बंजारे, जागेश्वर लहरे, राहुल मधुकर, मोहन बंजारे, चनेश बंजारे, कपिल बंजारे, सचिन मधुकर, चंदन मधुकर, गोर्बधन टांडे, सुनील गायकवाड़ व नंदेश बंजारे शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी इतवारी राम मधुकर द्वारा प्राप्त हुआ है।

### मटंग में स्मृति कुंज की संधारण की मांग की

**सेलूद।** ग्राम मटंग जो पाटन विधानसभा का एक छोटा सा गांव पर इस गांव का नाम गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व मंत्री जी के नाम से प्रसिद्ध स्व. उदयराम वर्मा योगदान व जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। वे पाटन में 15 सालों तक विधायक के रूप में सेवाएं दी व सहकारिता के लिए बहुत कार्य किये।

## समीक्षा से परहेज : बुरी हार के बाद भी कांग्रेस नेताओं की नहीं खुली नींद

# हार के दस दिन बाद भी राजीव भवन का नहीं खुला ताला, सदमे में कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

विधानसभा चुनाव में करारी हार से कांग्रेसी नेता उभर नही पाए है। झटका इस कदर लगा हैं कि, चुनाव हार की घोषणा के दस दिन बाद भी राजीव भवन का ताला नही खुल पाया है। कोमा से उभर पाने में नाकाम कांग्रेस पार्टी से एक भी जिम्मेदार नेताओं ने हार का जिम्मा नही लिया है। इतनी बडी हार के बाद भी संगठन के नेताओं का नींद से नही जागना वाकई हैरान कर रहा है।

उल्लेखनीय हैं कि, विधानसभा चुनाव में दुर्ग कांग्रेस संगठन पहले ही निष्किय रहा है। चुनाव के दरम्यिान पदाधारी यह भी एहसास नही करा पाया है कि, दुर्ग शहर में संगठन नाम की कोई चीज है। खैर चुनाव के बीच और हार के बाद यह चर्चा जमकर हो रही हैं कि, चुनाव का पूरा संचालन राजीव भवन से होने के बजाय वोरा निवास से होता रहा। भाजपा पार्टी में जहां विधानसभा चुनाव के पहले बूथ से लेकर संगठन को पत्थर की तरह कार्यकर्ताओं ने मेहनत से ठोस बना दिया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने संगठन को चलाने के बजाय इसे जंग लगे रहने दिया, हालात यह रहा हैं कि, संगठन के नेताओं ने पूछपरख कम होने की बात कहकर ऐन समय में अपने आपको ही चुनाव से अलग कर लिया। चुनाव का पूरा संचालन संगठन और राजीव भवन से होने के बाद एक ही निवास से चलता रहा।

## दुर्ग संगठन की चार सीट में सिर्फ पाटन विधानसभा पर ही हुई जीत

### चुनाव के पहले एक भी बैठक नहीं

कांग्रेस भवन तैयार करने में भले ही पार्टी ने लाखों रूपए फूंक दिए, लेकिन इसका उपयोग तय समय में भी कांग्रेसी नही कर पाए। कार्यकर्ताओं की माने तो चुनाव के पहले संगठन की पूछपरख वैसे ही नही हो रही थी। चुनाव के पहले भी एक भी बैठक नही कराई गई। मजे की बात यह है कि, कई ऐसे खुद्दार कांग्रेसी नेता बस यही इंतजार करते रहे कि उन्हें चुनाव संचालन के लिए कूकू चावल देकर पूछा जाएगा, लेकिन ऐसा नही हुआ और वे दुर्ग शहर की सीट छोड दूसरे विधानसभा में हाथ बंटाने निकल गए।



### हार का बड़ा कारण संगठन की निष्क्रियता

दुर्ग शहर विधानसभा सीट में कांग्रेस की इतनी बुरी तरह से हार हुई हैं कि, नई पीढ़ी इस इतिहास को सोचकर गहरी खाई में समा जाएगा। हार का सबसे बड़ा कारण संगठन की निष्कृयता रही है। दुर्ग संगठन के अधीन पांच उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित मध्य ब्लाक आते है। इन सभी पदाकारियों की भी खास भूमिका चुनाव में नही दिखी। संगठन की बात छोड चुनाव के दौरान पार्षदों की भी बैठक नही बुलाने की जानकारी सामने आ रही है।

### दावेदारों को भी नहीं साध पाए नेता

ऐसा पहली बार हुआ कि, कांग्रेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी रहे अरूण वोरा के खिलाफ 26 दावेदार एक साथ वोट मंगाने उमड पडे। मजे की बात यह है कि, सभी दावेदार आखिर समय तक वोट के लिए डटे रहे। यही नही कई ने तो दिल्ली तक अपनी ताकत का एहसास कराया है। लेकिन इन दावेदारों को भी जिम्मेदार नेताओं ने साधने का प्रयास नही किया। अगर इन्हें साध लिया जाता तो इतनी बडी खाई नही हो पाती।

### वोरा ने कहा-हार की समीक्षा करने की जरूरत

हार के दस दिन बाद पूर्व विधायक अरूण



वोरा ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि, आरोप-प्रत्यारोप की बजाय एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। किसी कारणवश चुनाव नतीजे कांग्रेस के पक्ष में नहीं आ सके। चुनाव में पराजय के कारणों की सकारात्मक समीक्षा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत हैं। वोरा ने कहा कि, चुनाव नतीजों को लेकर पार्टी फोरम में समीक्षा होनी चाहिए। सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी करने से कुछ भी हासिल नहीं होगा। समस्त कांग्रेसजनों को एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। कांग्रेसजनों को पांच साल तक आम जनता के बीच लगातार एकजुट होकर सक्रिय रहना है और अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी करना है। वोरा ने कहा कि कुछ महीनों बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। 2024 में ही नगरीय निकाय चुनाव होंगे और उसके बाद पंचायत चुनाव होंगे, जिसमें एकजूटता से ही जीता जा सकता है।

## एनओसी के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत

**दुर्ग।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर एनओसी जांच के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत आप पार्टी ने की है। उन्होने सीएमएचओ को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। अध्यक्ष डॉक्टर एस के अग्रवाल ने बताया कि, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी विभाग से एनओसी के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और वसूली करने वालों की नीचे से ऊपर तक चैन बनी हुई है, मुख्य रूप से फायर एनओसी तथा बायोमेडिकल वेस्ट के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। आरटीआई प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने बताया कि, क्लीनिक तथा नर्सिंग होम संचालकों को फायर एनओसी तथा पर्यावरण विभाग से एनओसी लेने में बहुत तकलीफ होती है। पर्यावरण विभाग इरादतन संचालकों को अन्य एनओसी देने में आवेदनों को लंबित रखना है। नर्सिंग होम संचालकों ने बताया कि उनके द्वारा एनओसी के लिए दिए गए आवेदन को दिखाने के बाद भी जांच में अधिकारियों के द्वारा मानने से इनकार कर दिया जाता है। नर्सिंग होम को सील करने का कानूनी अधिकार नहीं है, वह भी संचालकों को नर्सिंग होम सेल करने की धमकी देते हैं। इस दौरान सदस्य डॉक्टर एसके अग्रवाल, मेहरबान सिंह, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, मुकेश नायक उपस्थित थे।

## बगैर लाइसेंस संस्थान संचालित, बंद करने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** जिला नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार



शुक्ला एवं टीम के द्वारा 11 दिसंबर 2023 को श्री पैथोलॉजी लैब कोहका रोड, दुर्ग, सूरज नर्सिंग होम कोहका, सत्यदीप डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पावर हाउस, एंडोक्राइन लैबोरेट्री और एलर्जी टेस्टिंग पावर हाउस भिलाई, डॉ अनूप गुप्ता क्लिनिक सुपेला, सेवा डायग्नोस्टिक सुपेला, लैब पावर हाउस भिलाई एवं डायग्नोस्टिक पावर हाउस भिलाई का निरीक्षण किया गया, जिसमें श्री पैथोलॉजी लैब, एंडोक्राइन लैबोरेट्री और एनर्जी टेस्टिंग एवं Agilus डायग्नोस्टिक नर्सिंग होम एक्ट के द्वारा प्रदत्त लाइसेंस के बिना संचालित पाया गया, जिसे तत्काल लाइसेंस प्राप्ति कर बंद करने का निर्देश दिया गया।

## सब जूनियर जूडो टीम कोच्चि रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में केरल जूडो संघ द्वारा राजीव गांधी इनडोर स्टेडियम कोची में 15 से 18 दिसंबर तक राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की सब जूनियर जूडो टीम भी हिस्सा लेगी। प्रदेश की टीम बुधवार को ट्रेन से कोच्चि पहुचेगी। इसमें बालक वर्ग में दिलीप कुमार मंडावी कोंडागांव, ईशान बोई बिलासपुर,देव जीत सिंह जामुल,पीयूष कुमार साहू भिलाई, अभय यादव दुर्ग, अरविंद मानिकपुरी बिलासपुर, ओम साहू बिलासपुर, अभिषेक अभिषेक नियोगी भिलाई, मानिक दत्त रायपुर और बालिका वर्ग से खुशी चोटिल बिलासपुर, योगिता मांडवी कोंडागांव, हेमवती कोंडागांव, ट्विंकल दुर्ग, रिया सिंह दुर्ग, चंद्रप्रभा ठाकुर कोंडागांव,राजेश्वरी मरकाम कोंडागांव,साक्षी गोस्वामी बिलासपुर, केसर लोधी जामुल को टीम में शामिल किया गया है।

■ 15 से 18 दिसंबर तक आयोजित है जूडो स्पर्धा

खिलाड़ियों का चयन 23वीं राज्य स्तरीय जूड़ो प्रतियोगिता भिलाई में किया गया था। टीम के कोच भगवती सूर्यवंशी ब्लैक बेल्ट निदान भारतीय जूडो महासंघ है। टीम के प्रबंधक राजकुमार जायसवाल ब्लैक बेल्ट जूडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया,उदय सिंह यादव होंगे।

## मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण आज लाइव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 से विजयी राजनीतिक दल ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए वर्तमान विधायक और पूर्व सांसद व केन्द्रीय इस्पात मंत्री विष्णुदेव साय का चयन किया है। जिनका मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह 13 दिसंबर को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 3 बजे निर्धारित किया गया है। लोकतंत्र के इस स्वर्णिम पलों को आम नागरिकों, मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा विवेकानंद सभागर में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के शपथग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्था किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण विवेकानंद सभागार में उपस्थित होवे।

## भाजपा पार्षदों ने महापौर से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

विधानसभा चुनाव के तहत शहर के वार्डो में बुरी तरीके से कांग्रेस की हार हुई है। इस हार को बुनाते हुए मुखर होकर भाजपा पार्षद दल ने नगरनिगम में धावा बोल दिया। उन्होने महापौर धीरज बाकलीवाल

■ निगम में मेयर का घेराव करने पहुंचे भाजपाइयों ने बोला

से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के जबर्दस्त हार के बाद नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने शहर की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आज बीजेपी कार्यालय में हुई भाजपा पार्षद दल की बैठक के तुरंत बाद सभी पार्षद एकजुट होकर हाथो में तख्ती लेकर निगम कार्यालय पहुंचे, जहां महापौर धीरज बाकलीवाल पर जोरदार हमला बोलते हुए उनसे नैतिकता के आधार इस्तीफे की मांग करते हुए उनके चेंबर के सामने इस्तीफा की तख्ती लटकाकर विरोध दर्ज कराया। इससे पूर्व भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन सहित सभी पार्षदगणों कि उपस्थिती में संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता देवनारायण चंद्रकार,शेखर चंद्राकर काशीराम कोसरे नरेंद्र बंजारे,शिवेंद्र परिहार गायत्री साहू नरेश तेजवानी अरुण सिंह ओमप्रकाश सेन मनीष साहू अजीत वैद्य लीना दिनेश देवांगन कमल देवांगन खिलावन मटियारा चमेली साहू मीना सिंह,कविता तांडी शशि द्वारका साहू हेमा शर्मा कुमारी साहू पुष्पा गुलाब बर्मा जिला मंत्री दीपक चोपड़ा,योगेंद्र साहू,जग्गी शर्मा,राकेश भारती दीपक सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### अपने वार्ड में हार गए मेयर

भाजपा पार्षदों ने कहा कि, विगत चार साल साल से महापौर धीरज बाकलीवाल के कांग्रेस शासनकाल में कुशासन व भ्रष्ट नीति के चलते विधान सभा चुनाव में शहर के साठ में से 58 वार्डो के साथ स्वयं के वार्ड में भी बुरी तरह पराजय होना जनता के आक्रोश का नतीजा है। यह जनादेश केवल कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के खिलाफ ही नही बल्कि मेयर बाकलीवाल व उनके पूरे परिषद के खिलाफ भी हैं। इसलिए उन्हें नैतिकता के नाते अपनी कुर्सी छोड़ देना चाहिए।

### विधायक निवास से नही चलेगा निगम

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित भाजपा पार्षदों ने कहा कि, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा की जबर्दस्त पराजय का कारण निगम के शहरी सरकार में अब तक पूर्व विधायक वोरा के रिमोट से निगम नही चलेगी। इस चुनाव में प्रत्येक वार्डो के मतदाताओं ने केवल अरुण वोरा नही बल्कि महापौर बाकलीवाल व उनके कांग्रेसी परिषद के खिलाफ एकतरफा गुस्सा दिखाकर ईवीएम पर कमल का बटन दबाकर स्पष्ट जनादेश दिया है।

## शिव परिवार विग्रह को कराया नगर भ्रमण

# शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

परमेश्वरी आश्रम बघेरा में शिव लिंग एवं शिव पंचायतन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं विधिवत स्थापना का कार्यक्रम 11 दिसम्बर को संपन्न

■ महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

हुआ। इसके प्रथम चरण में 9 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें लगभग 350 शिव भक्त महिलाएं शामिल हुईं तथा शिव परिवार विग्रह को नगर भ्रमण करवाया गया एवं वेदी पूजन किया गया। दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के अधिवास के अंतर्गत जलाधिवास, अन्न अधिवास, फल अधिवास, पुष्प अधिवास आदि संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन वास्तु स्थापना, मन्दिर कलश, शिखर ध्वज, विश्वकर्मा पूजा करवाया गया। इसके उपरान्त मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अन्त में वैदिक मंत्रों द्वारा पूर्णाहुति हवन पश्चात भोग प्रसाद का वितरण किया गया। सम्पूर्ण अनुष्ठान पण्डित मोनू महाराज के निर्देशन में पांच वेदपाठी पंडितों द्वारा पूरा करवाया गया। अंतिम दिन 500 श्रद्धालु जन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। पूर्णाहुति में पूर्व विधायक अरुण वोरा उपस्थित थे । तीनों दिन कमलेश देवांगन एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। सभी भक्त जनों की आशा को पूर्ण करने वाले इस शिवलिंग का नाम आशेश्वर महादेव रखा गया।



आभार मन्दिर निर्माण के प्रणेता दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने माना। कार्यक्रम में भूषण लाल देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, मंगतू राम देवांगन, राकेश देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, खुमान सिंह देवांगन, सोहन लाल देवांगन, कृष्णा देवांगन, परदेशी देवांगन, दीपक देवांगन, रूपलाल देवांगन, सोमचंद देवांगन, कमलेश देवांगन, हेमन्त देवांगन, व्यास नारायण देवांगन का आदि योगदान रहा।

## बीएसपी में दुर्घटना में घायल श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट 3 के जीआर एंटरप्राइजेस के अंतर्गत कार्य कर रहे दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल ठेका श्रमिक राम प्रसाद लहरे की मंगलवार को मृत्यु हो गई। उसका सेक्टर 9 में इलाज चल रहा था। मृतक के परिवार एक सदस्य को बीएसपी में स्थाई नौकरी मिलेगी।



स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के पदाधिकारियों ने मृत ठेका मजदूर के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने के लिए बीएसपी के उच्च प्रबंधन एवं ठेका कंपनी से चर्चा कर उनके परिवार के आश्रित एक सदस्य को बीएसपी में स्थाई नौकरी के लिए मांग की । बीएसपी प्रबंधन के उपेंद्र शर्मा जूनियर ऑफिसर के द्वारा पत्र एवं जीआर इंटरप्राइजेज, कंपनी द्वारा दो लाख पचहत्तर हजार रुपए सहयोग राशि मृतक श्रमिक की पत्नी किरण बाई देशलहरे को दिया गया । साथ ही ईएसआईसी से निर्धारित बीमा राशि एवं परिवार को पेंशन के लिए उचित कार्रवाई भी ठेका कंपनी द्वारा करवाया गया। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में पदाधिकारी ने सिंटरिंग प्लांट 3 के, घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों से चर्चा की व सुरक्षा के लिए सुझाव दिए। मुआवजा राशि के सहयोग के लिए इंटक की यूनियन की ओर से, संजय साहू सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश, जयंत बराठे, प्रदीप विश्वास गुरुदेव साहू जसबीर सिंह सुरेश दास टंडन उपस्थित थे।

ISPAT_BHOOMI_13_2023-03f_Layout 1 12/13/2023 10:33 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### युवक ने खुद पर लगाई आग, गंभीर

**भिलाई।** युवक ने अपने शरीर पर आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। युवक बीमारी से परेशान था। सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि वेंकटेश्वर टॉकीज के पास सुपेला निवासी मंगेश विश्वकर्मा 30 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर संजय नगर मैदान में अपने ऊपर आग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। मंगेश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### बंद कमरे में दो दिन पुरानी लाश मिली, फैली सनसनी

**भिलाई।** दो दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि तालपुरी पारिजात कालोनी के बी ब्लॉक के एक क्वार्टर में शव पड़ा है। मौके पर पहुंचे तो कमरा भीतर से दरवाजा बंद था। दरवाजा को तोड़कर अंदर गए तो युवक जमीन पर मृत अवस्था में पड़ा था। मृतक की पहचान राजू नायर 45 वर्ष निवासी मूलतः केरल है। शव दो दिन पुरानी बताई जा रही है। मृतक पिछले चार माह से तालपुरी पारिजात में किराए में मां के साथ रहता था। किसी बात पर मां से राजू ने विवाद करने पर घर छोड़कर वह चली गई थी। तब से राजू क्वार्टर में अकेला रहने लगा था। मृतक रिसाली के किसी इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करता था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि मृतक हार्ट पेशंट था और सांस की बीमारी थी। शव को मरच्युरी में रखवा दिया है।

### कलामंदिर में सुरों की सजी महफिल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता" का उद्घाटन मंगलवार को को उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में, महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा प्रभंजय चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले दिन कर्नाटक शास्त्रीय गायन एवं सुगम गायन की प्रतियोगिता हुई। जयमोहन, स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में एकल नृत्य कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी एवं कुचीपुड़ी नृत्य में प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। निर्णायकरानी रीना, इप्शिता दास व अन्नपूर्णा स्वामीनाथन थीं।

### सामूहिक आदर्श विवाह तहसील साहू समाज पाटन को घोषित राशि मिली

**पाटन।** तहसील साहू संघ के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 22 अप्रैल को ग्राम गातापार (बेल्लारी) में सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन में 15 जोड़े साहू समाज की विवाह सम्पन्न हुआ था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रति जोड़ी को 50 हजार रूपये की सामग्री सहित 21 हजार रूपये देने की घोषणा किया था। उक्त राशि को सभी वर कन्या को प्रदाय की गई।

# पश्चिमी विक्षोभ से हवा की दिशा बदली, नमी से बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है। जिसकी वजह से हवा में नमी की मात्रा थोड़ी बढ़ गई है। इसलिए अब दिन में भी ठंड लगने लगी है। शाम होते ही तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ जाती है और ठंड ज्यादा लगने लगी है। लोगों को रात में ठंड से बचने के लिए मोटे गरम कपड़े का सहारा लेना पड़ रहा है।

## दिन में भी अब होने लगा ठंड का एहसास

### ट्विनसिटी का तापमान एक डिग्री सेल्सियस घटा

मौसम विभाग ने मंगलवार को ट्विनसिटी का अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।



### तीन दिन बाद और बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के मुताबिक 13 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसलिए दुर्ग सहितप्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं तीन दिन बाद मौसम में लगातार बदलाव आने की संभावना है। जिसकी वजह से हर दिन एक से दो डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आएगी। जिसकी वजह से ठंड लगातार बढ़ेगी।

### सेहत का रखें ध्यान

बदलते मौसम के साथ लोगों को अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखने की जरूरत है। मौसम बदलते ही खांसी, सर्दी के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल, सुपेला अस्पताल सहित प्राइवेट क्लीनिकों में इसी मर्ज को लेकर ज्यादातर मरीज आ रहे हैं। बच्चों को भी यही समस्या से जूझना पड़ रहा है।विंटर सीजन की शुरूआत है। आगे ठंड और बढ़ने से बचने के लिए एहतियातन उपाय करने चाहिए।

## बीएसपी सहित सेलकर्मियों का 2 साल से अपूर्ण है वेतन समझौता

# इस्पात उपक्रमों के लिए संकटमोचक बन सकते हैं नए मुख्यमंत्री विषणुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लंबित समस्याओं से जूझ रहे भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों को नई उम्मीद बंधी है। इसकी वजह श्री साय का पूर्व में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री के रुप में कर्मियों के साथ बीएसपी सहित सेल की समस्याओं से वाकिफ होना है। यूनियनों और बीएसपी व सेल के अधिकारी संगठनों के भी उनसे अच्छे संबंध रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीन वर्ष तक इस्पात राज्य मंत्री रहे हैं। इस दौरान बीएसपी के कर्मचारी, अधिकारियों के संगठन लंबित समस्याओं को लेकर उनसे मिलते रहे हैं। निदान के लिए सकारात्कम आश्वासन भी मिलता रहा। इसके बाद अब वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बन गए। लिहाजा यूनियनें और सभी संगठन प्रदेश के नए मुखिया को बीएसपी सहित सेल के तारणहार के रुप में देख रहे हैं और यहां उत्साह का माहौल है। यूनियनों के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर्मचारी अधिकारियों के लंबित मुद्दों के समाधान को लेकर संकटमोचक साबित हो सकते हैं। विदित हो कि सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता 2 साल से अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स लंबित है और एचआरए व नाइट एलाउंस का भी नुकसान हो रहा है। भिलाई में कर्मियों को 50 साल पुराने आवासों के चलते आवासीय और सेक्टर 9 हास्पिटल का ग्राफ गिरने से मेडिकल समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सफाई, पानी जैसी समस्याओं के निदान की मांग करते यूनियनें थक चुकी हैं। जूनियर अधिकारियों का पेन एनामली व डिप्लोमा इंजीनियरों का पदनाम का मुद्दा लंबित है। केंद्र सरकार की विनिवेशीकरण की नीति से यहां के कई सार्वजनिक इस्पात उपक्रमों पर निजीकरण की तलवार लटक रही है। बीएसपी में आउटसोर्सिंग का शिकंजा कसने से निजीकरण का खतरा बढ़ रहा है। सेल की दो अन्य यूनिटों के भी लास में होने से निजीकरण का अंदेशा यूनियनों को है। बस्तर के नगरनार इस्पात संयंत्र का भविष्य भी अधर में लटका है। संयुक्त यूनियन आंदोलन की राह पर है वहीं ओए व सेफी निजीकरण की बजाए सेल में रणनीतिक विलय की मांग कर रही हैं।

### 39 महीने का एरियर्स लंबित

**खास बातें**

- बीएसपी सहित एफएसएनएल, नगरनार संयंत्र व आरआईएनएल पर कस रहा निजीकरण का शिकंजा
- इस्पात मंत्री रहे साय वाकिफ है सभी ज्वलंत मुद्दों से
- यूनियनों को डबल इंजिन की सरकार होने से राहत दिलाने की उम्मीद



### एफएसएनएल व आरआईएनएल को राहत की आशा

बीएसपी में आउटसोर्सिंग बढ़ने और निजीकरण के कसते शिकंजे के साथ आरआईएनएल का भविष्य भी अंधकारमय है। जबकि फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड एफएसएनएल भी निजीकरण के कगार पर है। बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट सेकंड फेस भी 5 साल से लंबित है। यूनियनें व सेफी निजीकरण का विरोध कर रही हैं और विरोध प्रदर्शन भी कर चुकी हैं। अधिकारी संगठन रणनीतिक विलय की मांग इस्पात राज्य मंत्री व पीएम तक से कर चुके हैं। इस दौरान अब सभी को इस्पात राज्य मंत्री रहे विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने से सेल व एफएसएनएल से जुड़े लोगों को राहत की उम्मीद है। यूनियनों के मुताबिक नए मुख्यमंत्री श्री साय सेल व कर्मियों के मुद्दे पर सदैव सकारात्मक रहे। अब केंद्र व छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक ही पार्टी यानी डबल इंजिन की सरकार होने से कर्मियों के मुद्दे और इस्पात उपक्रमों के निजीकरण की समस्या के निदान की आशा है। यूनियनों के अनुसार इस्पात राज्य मंत्री रहे श्री साय के सीएम बनने व केंद्र व राज्य दोनों में एक ही पार्टी की सरकार होने से अब बीएसपी सहित इस्पात उद्योगों के कर्मियों की लंबित समस्याएं जल्द सुलझने की आशा है।

# तालपुरी के पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोतवाली पुलिस ने तालपुरी बी ब्लॉक के पांच लोगों के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह घटना सोमवार शाम की है। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता एवं रिसाली मडल के भाजपा सह संयोजक असीम कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर इस वारदात को अंजाम देने वाले कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया, इंद्रजीत सिंह, लक्ष्यप्रद, चिरंजीव चौधरी तथा विजय नायडू पर धाराएं 294, 506(बी), 323, 452 और 34 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने दो आरोपियों सुनील चौरसिया और लक्ष्यप्रद को थाने में कुछ देर के लिए बिठाया, लेकिन बाद में दोनों को छोड़ भी दिया। पुलिस ने घटना के दूसरे दिन मंगलवार को मौके का मुआयना कर नजरी नक्शा बनाया और गवाहियों का बयान दर्ज किया।

- अधिवक्ताओं ने कर दिया थाने का घेराव

सोमवार को अधिवक्ता की पिटाई के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि अन्य अधिवक्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सचिव रविशंकर सिंह और भाजपा के भिलाई जिले के महामंत्री योगेंद्र सिंह भी थाने पहुंच गए। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने सुनील चौरसिया और लक्ष्यप्रद को कुछ देर के लिए थाने में बिठा दिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया। असीम सिंह का कहना है कि सुनील चौरसिया अपने साथियों के साथ पूरी योजना बनाकर ही क्लब हाउस पहुंचे थे। मालूम रहे कि एसोसिएशन को लेकर लंबे समय से वर्तमान अध्यक्ष यमलेश देवांगन और भूतपूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चल रहा था, जो आखिरकार मारपीट में तब्दील हो गया।

घटनाक्रम के अनुसार अध्यक्ष यमलेश देवांगन ने असीम कुमार सिंह को फोन पर बताया कि क्लब हाउस में सदस्यता अभियान चल रहा है, वे भी आ जाएं। कोर्ट से सीधे क्लब हाउस पहुंचे असीम अपने साथियों के साथ बातचीत कर ही रहे थे कि सुनील चौरसिया अपने साथियों के साथ वहां आ धमके। पांचों आरोपियों में से एक शख्स लक्ष्यप्रद बिना अनुमति के वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनाने से रोकने पर सुनील चौरसिया और अन्य चारों साथियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज और मारपीट की। इतना ही नहीं उन लोगों ने असीम को जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे दो हजार रुपए भी छीन लिए। पीड़ित ने आपबीती बताते हुए कहा कि यमलेश देवांगन, डीसी गढ़ेवाल, गजानन अवचट एवं ओमवीर सिंह ने बीच बचाव नहीं किया होता, तो अनहोनी हो सकती थी।

# सेक्टर 4 और 7 इस्पात क्लब बनेंगे मॉडल क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 4 और सेक्टर 7 इस्पात कल्ब को मांडल क्लब के रुप में विकसित करने के कार्य का संधारण कार्य मंगलबार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक श्री सपकाले,बीएमएस के महामंत्री चन्ना केशवलू व कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह और महामंत्री चन्ना केशवलू सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। यह काम बीएमएमएस की मांग पर किया जा रहा है। बीएमएस द्वारा इस्पात कल्ब के संधारण की मांग प्रबंधन से की गई थी। चन्ना केशवलू ने बताया कि बीएसपी कर्मचारियों के लिए टाउनशिप में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु जो इस्पात क्लब है, वे काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इनके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। बीएसपी प्रबंधन ने मांग पर प्रारंभिक चरण में डेढ करोड की लागत से सेक्टर 4 व सेक्टर 7 के क्लब को मॉडल क्लब के रूप में विकसित करने की बात कही और कहा कि काम करने वाली ऐजेंसी समय व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। दोनों

- बीएमएस की मांग पर बीएसपी ने शुरु किया कार्य



### सालभर में मिलेंगी सभी सुविधाएं

दोनों क्लब में छःमाह से लेकर एक साल के अंदर इस मॉडल इस्पात क्लब की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद बीएमएस मांग करेगी कि क्लब व स्टील क्लब में बार, स्वीमिंग पुल, टेबिल टेनिस कोर्ट, बैडमिंडनकोर्ट की सुविधाओं की तरह सेक्टर 7 मांडल क्लब में भी मिले। सीजीएम श्री सपकाले ने कहा कि जल्द ही अन्य क्लबों को भी जिर्णोद्धार कार्य करायेंगे। कार्यक्रम में बीएमएस के हरीशंकर चतुर्वेदी, प्रदीप पाल, शारदा गुप्ता, संजय साप्रे, पूरन साहू, अनिल गजभिये, नवनीत हरदेल, राजेश पटेल, व्यंकटरमैय्या, सुरेन्द्र चैहान, अखिलेश उपाध्याय, जनक ठाकुर, प्रकाश अग्रवाल, रमेश उईकर, प्रकाश सोनी, गौरव कुमार, अरविंद सिंह, सुदीप आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मैत्रीबाग में सेल्फी जोन हुआ उद्घाटित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित मैत्री बाग में आत्मनिर्भर भारत के लिये इस्पात की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करते हुए जनसामान्य के लिए सेल्फी जोन का निर्माण किया गया है। मंगलवार को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने मुख्य आतिथ्य में इसका उद्घाटन किया गया। सीजीएम जेवाई सपकाले, महाप्रबंधक जेकब कुरियन, विष्णु पाठक और उपमहाप्रबंधक एन के जैन आदि अधिकारी में उपस्थित थे।

उद्घाटित सेल्फी जोन में संयंत्र प्रबंधन द्वारा यह प्रदर्शित किया गया है कि विगत 9 वर्षों में सेल ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में बहुत तेजी से अग्रसर होते हुए एक सशक्त कदम बढ़ाया है। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की अन्य इकाईयों ने उत्पादन, उत्पादकता और अनेक क्षेत्रों में कीर्तिमान रचे है। गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा, मंगलयान, चंद्रयान, रोहतांग के अटल टनल, भारतीय नेवी के विक्रांत आदि में योगदान रहा है।

### बच्चों को किया सम्मानित...



**भिलाई।** बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-7 का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक जितेंद्र यादव सपकाले, विशेष अतिथि शिक्षा विभाग प्रमुख शिखा दुबे और प्रधान पाठक दिनेश पांडेय ने बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## पेज 11 के शेष

### बेरला में स्वच्छ ...

रूप से कार्यवाही लगातार जारी है। जीरो वेस्ट कार्यक्रम के सम्बंध में सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बर्तन के उपयोग को अनिवार्य किये जाने अपील की जा रही है। इसके लिए निकाय के महिला स्व सहायता समूह द्वारा दो सेट दीदी बर्तन बैंक भी संचालित किया जा रहा है तथा सस्ती दरों पर बर्तन उपलब्ध कराया जाता है।

### जेवरा में विकासखण्ड स्तरीय ...

आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होवें। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला खेल अधिकारी नागेश्वर तिवारी, अमोल सिंह सलाम, जेवरा विद्यालय प्राचार्य एमआर ध्रुव एवं व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा से संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता प्रातः 09 बजे से प्रारंभ होगी समस्त प्रतिभागियों को समय पर उपस्थिति होना अनिवार्य है।

## दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में जमीन दलाल और अवैध कॉलोनाइजर पर सख्ती

# विधायक ने कहा- शराब के अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्र में अवैध कब्जा कर कॉलोनी बनाने वाले व अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। विधायक ललित चंद्राकर ने इस संबंध में आबकारी और रेवेन्यू अधिकारियों से फ़ोन पर बात की।

इस दौरान उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अवैध कब्जेदार, अवैध कॉलोनाइजर, भू माफिया व अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाले कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा है कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अवैध कारोबार और कब्जे को लेकर स्वतंत्र रूप से अधिकारी कार्रवाई करें। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में जमीन दलालों का जो प्रभाव था वो तत्काल खत्म किया जाए। विधायक ने कहा कि जो जमीन दलाल बिना कालोनाइजर लायसेंस लिए जमीन खरीदी बिक्री में इन्वाल्व रहे हैं वे अब एक इंच जमीन की भी दलाली नहीं कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेवेन्यू का नुकसान कर जो कारोबार पूर्व शासनकाल में दबाववश होते रहे हैं उन सब पर तत्काल रोक लगाया जाए। विधायक चंद्राकार ने एसडीएम, तहसीलदार और रिसाली क्षेत्र के सभी पटवारियों से फोन पर चर्चा की और कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध प्लाटिंग नहीं होनी चाहिए। जमीन की खरीदी बिक्री वैध कॉलोनाइजर के माध्यम से ही होनी चाहिए।



### लाइसेंस नियमों का उल्लंघन करने पर बंद करें बार

विधायक चंद्राकर ने आबकारी अफसरों से कहा है कि शहर के सभी लाइसेंसी बार नियमों के अनुसार ही संचालित होने चाहिए। कोई भी यदि नियमों का उल्लंघन करता है तो ऐसे बार संचालकों को पहले नोटिस दिया जाए और उसके बाद भी सुधार न हो तो ऐसे बार पर ताला लगाया जाए। उन्होंने रिसाली क्षेत्र में निगम व आबकारी अफसरों को आपसी तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया। ऐसी शराब की दुकानें जो रिहायशी क्षेत्र में हैं और जहां से महिलाओं का आना जाना रहता हो ऐसी दुकानों को स्थानांतरित किया जाए। निगम व आबकारी विभाग आपसी तालमेल से स्थान का चयन करें और ऐसी दुकानों को शिफ्ट करें।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएमडी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लक्ष्मी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

